तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 एनसीसी युवाओं को अनुशासन और उनके चरित्र का ...



10 आमानाका और पंडरी में नया बस डिपो बनाने ...



## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से स्कूल से लौटती शिक्षिका गंभीर

**बेमेतरा।** स्कूल से लौटने के दौरान महिला शिक्षिका की ट्रक की चपेट में आने से शिक्षिका गंभीर रूप से जहां घायल हो गईं। हादसे के बाद शिक्षिका को जिला अस्तपाल में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान घायल शिक्षिका मनीषा शर्मा के साथ बैठी अन्य शिक्षिका श्यामा वैष्णव हादसे में बाल बाल बच गईं। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे स्थित ग्राम कारेसरा के हायर सेकेन्डरी स्कूल में पदस्थ दो शिक्षिका मनीष शर्मा, श्याम वैष्णव दोनों दो पहिया वाहन से बेमेतरा आ रही थीं। इसी बीच ग्राम लोलेसरा बायपास के पास तेज रफ्तार ट्रक ने दो पहिया वाहन को ठोकर मार दी। इससे मनीषा शर्मा ट्रक के समाने वाले पहिए की चपेट में आ गईं, जिससे उनके एक पैर में गभीर चोट आई है। वहीं दूसरी शिक्षिका श्यामा छिटककर दूर जा गिरी, जिससे वो बाल बाल बच गईं। पर हादसे के बाद सदमे में रहीं। दोनों को आमजन की मदद से जिला अस्तपाल में भर्ती कराया गया। जहां पर शिक्षिका मनीषा को उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उचित उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। रायपुर के निजी अस्पताल में शिक्षिका का उपचार जारी है।

### खड़े ट्रक से टकराई कार एक की मौत, सात घायल

**दुर्ग।** बीती रात दुर्ग बाईपास उरला पुल के पास खडी ट्रक के पीछे एसयूव्ही कार टकरा गई। इस घटना के बाद पेट्रोलिंग पुलिस की बडी लापरवाही सामने आई हैं। दो से तीन दिनों तक खराब खडी इस ट्रक में कोई संकेत नही लगाए गए थे, वहीं ट्रक में रेडियम पट्टी भी नही था। इस बीच एसयूव्ही कार के ड्राइवर ने ओव्हर टेक किया और सामने खडी ट्रक को देख नही पाया। जिसके चलते कार टकराई और सात लोग घायल हो गए, वहीं ड्राइवर की आन द स्पाट मौत हो गई। हाईवे में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी हाईवे पेट्रोलिंग की होती है। अगर ट्रक दो से तीन दिनों तक सडक किनारे खराब खडी थी तो उसके आसपास घेरा क्यो नही बनाया और ट्रक में रेडियम पट्टी भी नही लगी थी। घटना में शुक्रवार शाम करीब सात बजे की हैं।

### गैंगस्टर अमित का सहयोगी दादर-हवेली से गिरफ्तार

**भिलाई।** सेक्टर-6 निवासी कुख्यात अपराधी अमित जोश को भागने में सहयोग करने वाला अभिषेक कुमार पिता देवेश कुमार (31 वर्ष) गिरफ्तार कर लिया है। वह मूलतछ एआरव्ही रिवरडेल सिलवासा दादर नगर हवेली का रहने वाला है। पुलिस को घटना के बाद से ही अभिषेक की तलाश थी। अमित जोश के एनकाउंटर के बाद से वह फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने अमित जोश का सहयोग करने वाले आरोपी शंकर भाट को भाटपारा और रूपेश सिंह को औरंगाबाद बिहार से गिरफ्तार किया गया है। बहरहाल इस मामले में पुलिस की जांच चल रही है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रमनजीत पिता अवतार सिंह विश्रामपुर सुरजपुर ने भिलाई नगर में शिकायत की थी कि वह अपनी नानी के अंत्योष्टि कार्यक्रम में शामिल होने सूरजपुर से वैशालीनगर आया हुआ था, जो अपने दोस्त आदित्य सिंह एवं सुनील यादव जो सुरजपुर के रहने वाले हैं। पढ़ाई करने भिलाई में आए हुए हैं।

### नगरीय निकाय कर्मियों का हड़ताल स्थगित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय एडे ने जारी बयान में कहा है कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया गया है।

## धान खरीदी : जिले के 129 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर की जा रही है धान खरीदी

# जिले के 16252 किसानों ने 86093 मीटरिक टन धान बेचा, 63.52 करोड़ खाते में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य अपनी पूरी गति से चल रहा है। जिले में वर्तमान में 129 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से इसी माह की धान खरीदी की शुरुआत 14 नवंबर से हुई है। उसके बाद से 22 नवंबर तक 16252 किसानों से 86093 मीट्रिक टन धान की ख़रीदी की जा चुकी है।

वहीं, 15675 किसानों को 63.52 करोड़ राशि का भुगतान किया जा चुका है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से की जा रही है। 22 नवंबर तक की स्थिति में जिले में समर्थन मूल्य पर 86093 मीटरिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। धान खरीदी के प्रारंभ से ही किसानों को अपने जूट बारदाने में उपार्जन केन्द्रों में धान लाकर विक्रय किया जा सकता है।



### किसानों को प्रति बारदाना 25 रुपए का भुगतान

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में नये बारदाने, पुराना जुट बारदाना व पीडीएस बारदानों सहित किसाना बारदानों का प्रयोग किया जाना है। इस वर्ष कृषक अपने अच्छे जूट बारदाना का प्रयोग धान विक्रय में कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को प्रति बारदाना 25 रूपये का भुगतान किया जायेगा। ज़िले में धान सुचारू रूप से उपार्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाना की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यम से की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है। कहीं कोई कमी पर किसान अपना बारदाना लाता है तो उसे 25 रूपए प्रति नग के मान से भुगतान किया जाएगा।

### विगत वर्ष का चावल जमा करने के निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के जिन्होंने चावल जमा नहीं किया है, उन्हें चावल जमा करने कहा। साथ ही जिन मिलर्स ने अब तक बारदाना जमा नहीं किया उन्हें तत्काल जमा करने भी कहा।

## बाहर का धान जिले में खपाने से रोकने सख्त हुआ प्रशासन, सीमाओं पर बने चेकपोस्ट

**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** अंतर जिला अवैध धान की परिवहन को लेकर प्रशासन अब सख्त दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ में ज्यादा कीमत पर धान खरीदे जाने के कारण दूसरे प्रदेशों से भी धान यहां खपाने की कोशिश की जाती है। इसे देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए जिले की सीमाओं पर चेकपोस्ट बनाकर चौकसी की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले के पैलपार तथा कवर्धा रोड स्थित ग्राम तेंदो तिराहे पर चेकपोस्ट बनाकर 24 घंटे वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। तीन पालियों में 24 घंटे ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा कोटवारों की चेक पोस्ट पर ड्यूटी लगाई गयी है। निजी कामों पर भी अनाज परिवहन करने वाले व्यापारियों तथा किसानों के वाहनों की जांच कर प्रतिदिन रिकार्ड रखा जा रहा है। बेमेतरा जिला मुख्यालय में दो ट्रक अवैध धान परिवहन करते पकड़े जाने के बाद सभी जिलों में सतर्कता बरती जा रही है। खबर है कि अन्य प्रांत व जिले से व्यापारी धान लाकर किसानो को खपाया जाता है। प्रति वर्ष धान खरीदी के समय धान की अफरा-तफरी कर लोग अपना व्यवसाय चमकाते रहे हैं, जो समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रभावित होता रहा है। एक सप्ताह में ही धान की बंपर खरीदी हो चुकी है। अब 50 प्रतिशत किसानों के बारदाने से खरीदे जाने पर खरीदी में तेजी आने वाली है। वहीं, अनेक उपार्जन केन्द्र में परिवहन की आवश्यकता पड़ सकती है। संभवतः आज से ही कुछ केन्द्रों में धान की परिवहन की शुरूआत हो सकती है।

- ड्यूटी पर 24 घंटे कर्मचारी तैनात, गुजरने वाले प्रत्येक वाहन पर रखी जा रही नजर



### मोबाइल से टोकन मिलने में परेशानी

अभी टोकन तुंहर हाथ पोर्टल से टोकन नहीं निकल रहा है किसान अब च्वाइस सेंटरों का सहारा ले रहे हैं। वहां भी भीड़ के कारण तथा कमजोर सर्वर के कारण टोकन नहीं निकल पा रहा है। यही हाल सीमांत किसानों का है। तीन बार टोकन निकालने की सीमा तय किये जाने के बाद उनकी पूरी धान की बिकवाली होगी कि नहीं, यह भी संशय की स्थिति है। थान खम्हरिया सोसायटी में 25 हजार पुराना बारदाना पहुंचने के बाद किसानों को राहत जरूर है, परंतु एक सप्ताह बाद ही समस्या जस की तस होने वाली है।

### खुले बाजार में अधिक दाम पर बिक रहा है बारदाना

इस वर्ष 50 प्रतिशत किसानों के बारदाने से खरीदी किए जाने के आदेश के बाद बाजार में बारदाने की कीमत बढ़ गयी है। बारदाने की कालाबाजारी भी शुरु हो गई है। किराना दुकान से लेकर हार्डवेयर, पैथोलेब, जूता चप्पल दुकान सहित विभिन्न दुकानों में बड़े पैमाने पर बारदाने की बिक्री की जा रही है।यहाँ 20 रूपए का बारदाना 40 रूपए पर बेचा जा रहा है।

### एक सप्ताह में ही कुछ केन्द्रों में परिवहन की आवश्यकता

तहसील क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केन्द्र में 8 से 10 हजार क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। ऐसे में जगह की कमी के कारण अब परिवहन की आवश्यकता पड़ सकती है। मिली जानकारी के अनुसार सैगोना, दर्री, खैरझिटी कला, कुरूद, खाती व हांटरांका जैसे उपार्जन केन्द्र शामिल है।



## लावातरा में अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

तहसील बेरला अंतर्गत ग्राम लावातरा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। तीन एकड़ से अधिक कब्जे वाली जमीन को खाली कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील बेरला अन्तर्गत आने वाले ग्राम लावातरा में कब्जाधारियों द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध जमीन कब्जा कर लिया गया था। इससे गांव में कई तरह की दैनिक समस्या बनती ही जा रही थी। इसकी शिकायत तहसील बेरला में किया गया। वहीं, तहसीलदार सुभाष शुक्ला ने संज्ञान में लेते हुए पहले नोटिस जारी किया गया। इस संबंध में कोई जवाब नहीं मिलने पर ग्राम लावातरा के कोटवार, पटवारी आरआई एवं पुलिस बल की मौजूदगी में शासकीय भूमि पर 7 व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण 3 एकड़ भूमि एवं 2 पक्की मकान 3 कच्ची दुकान एवं ठेला को जेसीबी के माध्यम से हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

इसके अलावा समझाईश दी गई कि आगे से अतिक्रमण होगा तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी के चलते तहसीलदार बेरला सुभाष शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

# सूने घर में चोरी, तीन पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी किये गये सोने चांदी के जेवरात के साथ 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें 02 आरोपी चोरी का समान खरीदने वाले भी शामिल है। दरअसल 18 अगस्त को निखिल कुमार सोनी पिता भूपेन्द्र कुमार सोनी उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 04 रेस्ट हाउस चौक बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अगस्त के शाम करीब 6 बजे उसका बड़ा भाई नितिन कुमार सोनी अपने परिवार के साथ अपने किराये के मकान में ताला लगाकर बहन के पर कोटा राजस्थान गया था।

अगले दिन सुबह 07 बजे बड़े भाई नितिन कुमार घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर अंदर जाकर देखा तो कमरा अंदर रखी आलमारी का लाकर टूटा हुआ था। उसमें रखे सामान कमरा अंदर बिखरा हुआ था। तब फोन पर घर वालों को घटना के बारे में बताया कि एक जोड़ी सोने का झुमका पुरानी इसोमाली, एक नग सोने का चैन पुरानी इस्तेमाली, एक नग सोने का बिंदिया पुरानी इस्तेमाली, एक नग चांदी का कर्तन पुरानी इस्तेमाली, एक नग चांदी का जेहर, 05 जोही चांदी का पायत छोटा बड़ा पुरानी इस्तेमाली कुल कीमती करीब 70,000 रुपये एवं दो नग मोबाइल को रात्री में घर के मुख्य दरवाजा के ताला की तोड़कर घर अंदर घुसकर गोदरेज के लाकर को तोड़कर उक्त सोने चांदी का जेवरात एवं मोबाइल तथा नगदी रकम को चोरी कर ले गया है।



- चोर के साथ चोरी का सामान खरीदने वाले भी धरे गए

### खरीदने वालों से चोरी का सामान बरामद

23 व 24 नवम्बर की मध्यरात्रि में गश्त के दौरान संदेही अविनाश मानिकपुरी निवासी सिमगा को बिना किसी कारण के घूमते मिलने पर पूछताछ की गई। इस पर पता चला कि पूर्व में चोरी करता था। करीबन एक वर्ष पूर्व हाउसिंग बोर्ड कालोनी के सूने मकान में चोरी की थी। चोरी का मोबाईल भी चला रहा, चोरी किये सोने चांदी के आभूषण को अपने घर में छिपाकर रखना व चोरी के समान को अजय पाल और राकेश चौहान के पास बिक्री करना बताया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के जेवरात को जप्त किया गया। प्रकरण में आरोपी अविनाश मानिकपुरी पिता लक्ष्मीनारायण मानिकपुरी उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 08 सिविल लाईन सिमगा, अजयपाल पिता अशोक कुमार पाल उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 12 फोकटपारा सिमगा, राकु ऊर्फ राकेश चौहान पिता स्वं. बैसाखु चौहान उम्र 37 साल निवासी वार्ड न. 20 सिमगा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नवीन नगर पंचायत दाढ़ी क्षेत्र में जुए-सट्टे का कारोबार जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

जिले के थाना-चौकी क्षेत्रों में सट्टेबाजी एवं जुए का कारोबार जोरों पर है। इसमें जिले का नवीन नगर पंचायत दाढ़ी क्षेत्र सट्टे बाजी में सिरमौर बनता जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिम्मेदारों के संरक्षण में सटोरियों एवं जुआरियों का बड़ा सुरक्षित हॉटस्पॉट बन गया है। आलम यह है कि रोजाना लाखों रुपये के सट्टा एवं जुआ का दांव खुलेआम लग रहा है। इससे एक ओर जहां शासन-प्रशासन के नियम-नीति व कायदा-कानून की सरेराह धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके साथ ही क्षेत्र की युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर जा रही है, जिससे सामाजिक वातावरण भी बिगड़ रहा है। लिहाजा क्षेत्र में फैले सट्टेबाजी के नेटवर्क को संज्ञान में लेने की जरूरत है।

- कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दाढ़ी क्षेत्र में प्रतिदिन लाखों रुपये का दांव लग रहा है। क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिक गुड्डा त्रिपाठी ने बताया कि दाढ़ी में लगभग दो बड़े सफेदपोश व वीआईपी स्तर के सटोरिये बैठे हैं। जो लगभग 50 से अधिक स्पॉट पर खाइवाल के माध्यम से सट्टे के कारोबार को संचालित कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर पुलिस भी शायद हाथ डालने से घबरा रही है, जिसके कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के नाम पर सिर्फ छोटे-छोटे सटोरियों को पकड़कर खानापूर्ति की जा रही है। इससे अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलन्द हैं और यही आम जनता की चिंता का गम्भीर विषय है।



### क्रिकेट की हर गतिविधियों पर भी लाखों का सट्टा

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दाढ़ी के हर क्षेत्र सटोरियों के लिए मुफीद बनता जा रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक लाखों रुपये का सट्टा क्रिकेट के मैच में हार-जीत के साथ ही अन्य गतिविधियों पर दांव लगाया जा रहा है। वहीं, ज़िला पुलिस का खुफिया, मुखबिर, सूचना तंत्र के साथ साइबर सेल भी इस दिशा में कार्रवाई कर पाने में नाकाम साबित हो रहा है।

## नवंबर एवं दिसंबर माह में हैं लगातार मुहूर्त

# महंगाई ने बिगाड़ा वैवाहिक कार्यक्रमों का बजट कैटरिंग से लेकर घोड़ी-बाजा के भी दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

तुलसी विवाह यानि देवउठनी एकादशी के बाद से शुभ मुहूर्तों का क्रम शुरू हो चुका है। लगातार मुहूर्तों के कारण वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम है।

हालांकि सब्जियों से लेकर तेल व अन्य सामाग्रियों के दाम बढ़ने की वजह से परिवारों के बजट पर असर दिखा है। वहीं, कैटरिंग से लेकर घोड़ी और बैंड की बुकिंग के दाम भी बढ़ गए हैं, जिसकी वजह से शादियों का खर्चा भी बढ़ गया है। वहीं, दूसरी ओर लोगों की व्यस्तता भी बनी हुई है। वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बाजार में खरीदी करने का दौर भी जारी है। उल्लेखनीय है कि लोगों को काफी समय से शुभ मुहूर्तों का इंतजार बना हुआ था। देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पर्व के बाद से अब नवंबर एवं दिसंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बना हुआ है। जिससे लोगों की व्यस्तता बनी हुई है।



### सार्वजनिक भवन बुक

जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं, उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवनों को आरक्षित कर लिया है। इसके अलावा होटल-लान इत्यादी भी पूर्व से ही आरक्षित है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े व्यवसायी भी इन दिनों व्यस्त हैं। जिसमें कैटरिंग, डेकोरेशन, बाजे-गाजे भी पूर्व से आरक्षित करा लिए गए हैं।

### नवंबर-दिसंबर में गिने-चुने मुहूर्त

पंचांग के मुताबिक नवंबर माह में 22, 23 के दिन खूब शादियां हुए अब 24 व 25 तारीख को शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। इसी तरह दिसंबर माह में 2, 3, 4, 10, 13 व 15 तारीख को वैवाहिक मुहूर्त है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से वर्ष के समापन माह दिसंबर में 6 मुहूर्त है। उसके बाद अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से नववर्ष जनवरी से पुनः वैवाहिक मुहूर्त हैं।

### बाजार में बढ़ी चहल-पहल

इधर बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल पहल भी बढ़ी है। जिससे बाजार में रौनक बनी हुई है। वैवाहिक आयोजनों से संबंधित सामग्रियों की मांग लोगों के बीच है। बाजार में आभूषण, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, फर्नीचर सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है और खरीदी भी जारी है।

हरिभूमि

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# आमानाका और पंडरी में नया बस डिपो बनाने सिविल वर्क का टेंडर जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानीवासियों को ई बस की सवारी के लिए अभी और इंतजार करना होगा। केन्द्र सरकार ने पीएम बस योजना के तहत छत्तीसगढ़ को 240 बसों को मंजूरी दी है। इनमें से 100 बसें रायपुर को मिलेंगी, जो पूरी तरह ईको फ्रेंडली होगी। ई बस खरीदी के लिए एजेंसी तय करने केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन टेंडर किया है। 29 नवंबर को इसकी अंतिम तिथि है, इसके बाद केन्द्र शासन एजेंसी तय कर ई बस निर्माण के लिए वर्कआर्डर जारी कर सकता है। इधर रायपुर नगर निगम शहर को मिलने वाली 100 ई बसों के लिए पंडरी और आमानाका में नए बस डिपो बनाएगा। सिविल वर्क के लिए निगम मुख्यालय से जल्द टेंडर होगा।

केन्द्र सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ के लिए 240 ई बस उपलब्ध कराई जाएगी। पीएम ई बस योजना के तहत दुर्ग-भिलाई के लिए 50, बिलासपुर के लिए 50, कोरबा 40 ई बस और रायपुर के लिए 100 ई बसें मिलेगी। इन बसों के लिए शहर में 2 नए बस डिपो बनाया जाएगा। नगर निगम के कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव ने बताया कि आमानाका के सिटी बस डिपो में 60 और पंडरी के बस डिपो में 40 ई बसों के रखने की व्यवस्था रहेगी। चार्जिंग पाइंट की सुविधा केवल आमानाका डिपो में रहेगी।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया बस डिपो :** निगम के अधिकारियों का कहना है कि नए बस डिपो को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसमें बसों के चार्जिंग स्टेशन के साथ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षालय सहित अन्य तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केन्द्र से 100 ई बस मिलने से पूर्व नगर निगम नए रूट का सर्वे कराएगा। वर्तमान में सिटी बसों का संचालन 16 अलग-अलग रूटो पर किया जा रहा है।

### आमानाका में 60 और पंडरी में 40 बस को रखने की व्यवस्था बनेगी



### 10 एसी बस स्टॉप बनेंगे, 5 साल पहले बनवाए गए 10 एसी बस स्टॉप का उपयोग नहीं

महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने एमआईसी की बैठक में शहर के प्रमुख सड़क किनारे 10 एसी बस स्टाप बनाने के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे रखी है। इसका रखरखाव विज्ञापन होर्डिंग्स की शर्त पर होगा। पीएम ई बस योजना के तहत शहर को 100 ई बस मिलना प्रस्तावित है, इसे देखते हुए 10 एसी बस स्टॉप बनाने अनुबंध कर एजेंसी तय कर ली गई है। वहीं नगर निगम द्वारा पूर्व में 1 करोड़ खर्च कर बनवाए गए 10 एसी बस स्टाप कबाड़ होने लगे हैं। इनमें से अधिकतर बस स्टाप की छत उखड़ गई है, कुछ के पाइप चोरी हो गए। साइज इतनी कम रखी गई है कि 6 लोग भी एक साथ उस स्टाप पर नहीं बैठ सकते। महिलाओं के लिए अलग से कुर्सी या प्राइवेसी की भी व्यवस्था नहीं है। मेकाहारा, देवेन्द्र नगर के नमस्ते चौक सहित अन्य जगहों पर बनाए गए एसी बस स्टाप ऐसे हैं, जहां सिटी बस रुकती नहीं।

## खबर संक्षेप

### मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन वितरित



**रायपुर।** अवाम-ए-हिंद सोशल वेलफेयर कमेटी निर्धन, असहाय, जरूरतमंदों के प्रति अपने नैतिक जिम्मेदारी व दायित्वों के निर्वहन में 28 वर्षों से निरंतर कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में शनिवार को संस्थापक मो. सज्जाद खान अपनी टीम और सहयोगकर्ताओं के साथ संचालित सुपोषण अभियान के तहत निशुल्क भोजन सेवा कार्य के सफलतापूर्वक 1700 दिन पूर्ण कर निर्धन, जरूरतमंदों तथा शासकीय डीकेएस, आंबेडकर अस्पताल में मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन एवं मौसमी फल (सेब, केला, मौसंबी) का वितरण कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस मौके पर संस्थापक मो. सज्जाद खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, सैय्यद जाकिर हुसैन, पं. अनिल शुक्ल, महावीर जैन, जुबैर खान, बलराम कश्यप, प्रीति जैन, राजकुमार साहू, मनोज, वसीम अकरम, मोतीचंद जैन, आशीष गढ़ेवाल, कुलविंदर सिंह एवं अन्य सदस्यों द्वारा इस मानवीय कार्य में सहयोग प्रदान किया गया।

### उत्तमा को पीएचडी

**रायपुर।** कलिंगा यूनिवर्सिटी ने भनपुरी निवासी उत्तमा शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय बायोटेक्नोलॉजी विषय के सर्पगंधा (राउवोल्फिया सर्पेंटिना) के फाइटोकेमिकल और जैव प्रौद्योगिकी मूल्यांकन का एक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य कलिंगा यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर और एचओडी डॉ. सुषमा दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया।

### छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक

**रायपुर।** ठाकुर प्यारेलाल सिंह मार्ग हांडीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में शनिवार को राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में बैठक हुई। बैठक शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा लगवाने वाले राज्य आंदोलनकारियों द्वारा शहादत स्थल जयस्तंभ चौक पर चतुर्थ बलिदान दिवस 10 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा। साथ ही प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन का शहीद वीरनारायण सिंह के वीरगाथा पर आधारित पंडवानी कार्यक्रम होगा। साथ ही बुद्धिजीवियों द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह की वीरता, शौर्य गाथा पर संगोष्ठी भी होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष एवं प्रभारी राज्य आंदोलनकारी छसपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे हैं। बैठक में जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनवेर, गोवर्धन वर्मा, अशोक कश्यप, श्यामू राम सेन, चंद्रप्रकाश साहू, विमल ताम्रकार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### झांसा देकर छात्रों से 18 लाख रुपए की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना में 21 छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वाले इंदौर के एक कोचिंग सेंटर संचालक के खिलाफ 18 लाख रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि कोचिंग सेंटर संचालित करने वाली संस्था ने उनसे शुल्क लेने के बाद ब्रांच शिफ्ट करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। आजाद चौक सीएसपी अजय कुमार के मुताबिक छात्रों ने कौटिल्य अकादमी के संचालक तांडेश्वर तथा रूबी मजूमदार के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि कौटिल्य अकादमी के संचालक ने कोचिंग देने के नाम पर उनसे शुल्क ले लिया।

## नगर निगम, लोक निर्माण विभाग ने अब तक नहीं ली सुध

# वीआईपी इलाके की सड़कें चकाचक आउटर इलाके में उड़ रहा धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के रिहाइशी इलाके सहित आउटर की दर्जनभर से ज्यादा सड़कों के मरम्मत नहीं होने से सड़क पर उड़ते धूल के गुबार ने लोगों को बेचैन कर दिया है। साइकिल चालक से लेकर दोपहिया व तिपहिया चालक और पैदल चलने वाले इस मार्ग से किसी तरह अपने गंतव्य तक पहुंचने विवश हैं। लभांडी बस्ती पहुंच मार्ग, जोरा, भाठागांव, बोरियाखुर्द बस्ती और अटारी बस्ती वाले मार्ग की कमोबेश यही स्थिति है। वहीं तेलीबांधा के मरीन ड्राइव से मैग्नेटो मॉल होते हुए वीआईपी इलाके को जोड़ने वाली सड़क चकाचक है। वहां वीआईपी की सुविधा का ध्यान रखने नगर निगम से लेकर अन्य निर्माण एजेंसी सड़क डामरीकरण करने में देर नहीं करती।

- प्रस्ताव के बाद भी काम में सुस्ती





**केस 1**

### लभांडी की सड़क पर धूल की भरमार

*नगर निगम जोन 9 क्षेत्र में शामिल लभांडी इलाके की सड़क पर धूल इतनी ज्यादा है कि मुंह में कपड़ा बांधे बिना लोग इस मार्ग से गुजर नहीं सकते। सीधे लोगों की आंख व मुंह में धूल व मिट्टी घुसने का खतरा बना रहता है। भीड़ वाले मार्ग की सफाई से लेकर सड़क मरम्मत की ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। तेज रफ्तार वाहन के आने-जाने से पैदल चालक, साइकिल वाले और दोपहिया चालक खासे परेशान रहते हैं।*

**केस 2**

### बोरियाखुर्द बस्ती के बजरंग चौक से साहड़ा देव मार्ग वाली सड़क

*कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित बोरियाखुर्द बस्ती के रहवासी इलाके की सड़क खस्ताहाल है। बजरंग चौक से साहड़ा देव चौक तक की सड़क मरम्मत का प्रस्ताव दिया गया है, पर सड़क मरम्मत का काम अब तक शुरू नहीं हुआ। इसी तरह वीर सावरकर वार्ड में 20 साल पुरानी कंक्रीट की सड़क की लंबे अरसे से मरम्मत नहीं होने से कंक्रीट पूरी तरह उखड़ गया है। लोगों का कहना है कि बारिश के समय यहां 3 फीट तक गंदा पानी भर जाता है। हीरापुर में ज्ञान भारती स्कूल के पीछे वाली सड़क खस्ताहाल होने से हीरापुर बस्ती और हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासी त्रस्त हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़क मरम्मत के लिए टेंडर लगाया है।*

**केस 3**

### देवेन्द्र नगर की सेक्टर 2 की सड़क

*शहीद हेमू कालाणी वार्ड स्थित देवेन्द्र नगर सेक्टर 2 इलाके में गुजराती स्कूल से मुख्य मार्ग तक की सड़क पर डामर की परत उखड़ गई है। जोन 2 कमिश्नरी ने सीसी रोड पर पेचवर्क कराने काम शुरू कराया, पर खस्ताहाल सड़क की दशा नहीं सुधर पाई। इसी तरह देवेन्द्र नगर की अलग-अलग 16 सड़कों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग ने नगर निगम से एनओसी मांगी है। जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने बताया कि जोन से इसकी एनओसी दे दी गई है। जल्द ही सड़क मरम्मत का काम प्रारंभ होगा।*

# पंजाब का युवक चेन स्नैचिंग करने के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





राजेंद्र नगर, कोतवाली तथा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में तीन चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेन स्नैचिंग करने के आरोप में जिस युवक को गिरफ्तार किया है, उसने तीनों स्नैचिंग की घटना एक्टिवा से की थी। घटना करने के समय दोपहिया की नंबर प्लेट ट्रेस न हो, इसके लिए आरोपी नंबर प्लेट को मिट्टी से पोत देता था।

- पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश ने तीन चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था
- युवक पंजाब में पूर्व में एनडीपीएस के आरोप में जेल जा चुका है

पुलिस के मुताबिक अमृतसर निवासी मनप्रीत सिंह मान को चेन स्नैचिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मनप्रीत ने 28 अक्टूबर को एक ही दिन में राजेंद्र नगर तथा कोतवाली थाना क्षेत्र में दो चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद मनप्रीत पंजाब लौट जाता था। पुलिस मनप्रीत को अमृतसर से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। पुलिस के अनुसार मनप्रीत पूर्व में पंजाब में नारकोटिक्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है। मनप्रीत रायपुर में अपने परिचित के यहां आकर रुकता था।

# वेतन विसंगति मुद्दे पर सहायक शिक्षक आज निकालेंगे पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी 25 नवंबर को पैदल मार्च कर मंत्रालय में ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में शिक्षक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष शामिल होंगे।

- शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी मंत्रालय में सौंपेंगे ज्ञापन
- जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष पैदल मार्च में होंगे शामिल

दरअसल, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर में शिक्षकों के 4 बड़े संगठनों ने मिलकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया है। इसके द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा, विकास राजपूत, वीरेन्द्र दुबे, चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि एलबी संवर्ग के शिक्षक मोदी की गारंटी को अब तक लागू नहीं किए जाने से नाराज हैं। प्रदेश भाजपा के घोषणापत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा किया गया है, इसके साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

मनीष मिश्रा ने बताया कि 25 नवंबर को शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष दोपहर 1 बजे इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव और वित्त सचिव को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे।


# पिछली बार 17.5 तक पहुंचा पारा, इस बार पंद्रह से नीचे उतरा, अब बदलाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हवा की दिशा बदलने के दो दिन पहले शहर में नवंबर का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। पिछले साल रात का तापमान 17.5 तक लुढ़का था, जो इस बार 14.9 तक जा पहुंचा, जिससे सुबह के वक्त ज्यादा ठंड महसूस हुई। अब शहर की ठंड में बढ़ोतरी होना संभव नहीं है, क्योंकि हवा की दिशा में बदलाव होने वाला है। राजधानी में वर्ष 2022 में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक पहुंचा था, जो दस साल का कम पारा का रिकार्ड है।

- वर्ष 2022 में 13 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड अभी भी कायम

नवंबर के तीसरे सप्ताह में इस बार राज्य में अच्छी ठंड पड़ी है। सरगुजा संभाग में तो शीतलहर के हालात बन गए थे और तापमान छह से आठ डिग्री तक जा पहुंचा था, रायपुर में ठंड का प्रभाव महसूस हुआ। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री दर्ज किया गया है, जो इस माह का न्यूनतम तापमान है। आने वाले दिनों में पारा नीचे जाने के बजाए ऊपर की ओर खिसकेगा। आंकड़ों की मानें, तो वर्ष 2022 में 27 नवंबर को तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया था, जो पिछले दस साल में सबसे कम है। विशेषज्ञों का तर्क है, इस बार ठंड का प्रभाव सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिसका असर नवंबर में ही दिखाई दे रहा है।



माह के चौथे सप्ताह में रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने के आसार हैं, क्योंकि आने वाली पूर्व की हवा अपने साथ समुद्री नमी लेकर आएगी। इसके बाद दिसंबर की शुरुआत में पुनः ठंड की वापसी होगी, जिसका असर नवंबर की तुलना में ज्यादा रहेगा।

# दो अलग-अलग सूने मकान में चोरों ने कैश, जेवर सहित 10 लाख के माल पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजेंद्र नगर तथा आजाद चौक थाना क्षेत्र में चोरों ने दो सूने मकानों में दबिश देकर 10 लाख रुपए कैश सहित 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में जिस एयरपोर्ट कर्मी के यहां चोरी की है, वहां से सीसीटीवी कैमरा तथा डीवीआर चोरी कर साथ ले गए हैं। आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने की वजह से चोरों के बारे में पतासाजी करने में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- घटना राजेंद्र नगर तथा आजाद चौक थाना क्षेत्र की
- जिनके यहां चोरी हुई उनमें एक एयरपोर्ट कर्मी, दूसरा सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी

पुलिस के मुताबिक अमलीडीह पियूष कालोनी निवासी पुरानिक प्रसाद सोनवानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुरानिक ने पुलिस को बताया है कि वह शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे घर का दरवाजा बंद कर एयरपोर्ट चला गया, पत्नी ऑफिस तथा बच्चे स्कूल चले गए। दोपहर दो बजे पुरानिक की बेटी स्कूल से घर लौटी तो उसने देखा, घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के सामान के साथ अलमारी खुली हुई थी। चोरों ने अलमारी में रखी नकदी सहित तीन लाख रुपए से ज्यादा के जेवर पर हाथ साफ कर दिया था।

### बेटी से मिलने गई मां के घर चोरी

आजाद चौक थाने में समता कालोनी निवासी सेवानिवृत्त बैंक कर्मी गोपाल शरण उपाध्याय ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी दो लाख सहित छह से सात लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। गोपाल शरण ने पुलिस को बताया है कि वह धार्मिक यात्रा पर गया था। इस वजह से उसकी पत्नी गुरुवार शाम के समय घर को लॉक कर वीआईपी रोड स्थित अपनी बेटी के यहां चली गई। शुक्रवार को गोपाल शरण और उनकी पत्नी घर लौटे तो देखा, अज्ञात चोर घर का दरवाजा तोड़ कर अलमारी तथा लॉकर खोल नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गए हैं।

# दुकान का ताला तोड़कर 40 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक जनरल स्टोर्स के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ दुकान का ताला तोड़कर नकदी पांच हजार रुपए सहित दुकान से सिगरेट, कोलड्रिंक सहित 40 हजार रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संदीप कुमार चीचड़ ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। संदीप ने पुलिस को बताया कि चंगोराभाठा स्थित उसके दुकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर नकदी सहित सामान चोरी कर ले गया।

**शहर में सबसे ज्यादा अवैध प्लाटिंग के मामले जोन-10 क्षेत्र में**

# कलेक्टर के निर्देश पर जिस भूमि को किया गया था ब्लॉक, वहां बाउंड्रीवाल से लेकर मकान तक तन गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला प्रशासन के निर्देश पर जिस खसरा नंबर की भूमि को ब्लॉक किया गया था। उस भूमि पर भू-माफिया द्वारा बिना अनुमति के बाउंड्रीवाल करने के साथ मकानों का निर्माण भी कराया जा रहा है।

शहर के अमलीडीह, देवपुरी इलाके में तत्कालीन कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने अवैध प्लाटिंग के मामले में दर्जनों खसरा नंबरों की जमीन को ब्लॉक कराया था। ब्लॉक किए जाने के बाद इन खसरों की जमीनों पर अवैध प्लाटिंग पर रोक भी लगी थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से ब्लॉक खसरों की जमीन पर दोबारा अवैध प्लाटिंग का खेल शुरू हो गया है। अवैध प्लाटिंग के साथ भू-माफिया ब्लॉक की गई जमीन को बाउंड्रीवाल से घेरकर यहां अवैध रूप से मकानों का निर्माण कराकर बेचने भी लगे हैं। इसकी शिकायतें जोन कार्यालय में भी की गई हैं, लेकिन अब तक इस मामले में अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इधर इस क्षेत्र के जोन कमिश्नर का कहना है कि शिकायत आने पर संबंधित भूमि स्वामियों को नोटिस जारी किया जाएगा।




### निगम क्षेत्र में 398 खसरे किए गए ब्लॉक :

डेढ़ वर्ष पूर्व निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के कुल 398 खसरों को भी ब्लॉक किया गया था। उक्त खसरा नंबरों के तहत कुल 41.6477 हेक्टेयर जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई है। इन प्रकरणों में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई नहीं किए जाने से भू-माफिया दोबारा ब्लॉक की गई कई जमीनों पर अवैध प्लाटिंग करना शुरू कर चुके है।

### शिकायत मिली है नोटिस जारी करेंगे

अमलीडीह में बीएसयूपी कालोनी के पास एवं देवपुरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली है। इस मामले में भू स्वामियों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण स्वयं से हटाने के लिए कहा जाएगा। इसके बाद भी हटाया नहीं गया, तो कार्रवाई करेंगे। खसरा ब्लॉक की जमीन पर मकान बने हैं, तो उसे भी तोड़ा जाएगा। 92 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज करने थानों में आवेदन दिए हैं।

*- **राकेश शर्मा,** कमिश्नर, जोन-10 रायपुर*


# राजस्व वसूली केवल 20 फीसदी बकायादारों की होगी संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वित्तीय वर्ष समाप्त होने के लिए केवल तीन महीने की बाकी है और भिलाई निगम राजस्व वसूली केवल 20 प्रतिशत की कर पाई है। नए आयुक्त राजीव पांडेय ने राजस्व वसूली की समीक्षा की तो यह खुलासा हुआ। राजस्व वसूली की स्थिति बेहतर नहीं होने पर आयुक्त ने ठेका एजेंसी के कार्य को असंतोषप्रद बताया और उन्हे रणनीति बनाकर राजस्व वसूली बढ़ाने की हिदायत दी है। जिन लोगों का टैक्स ज्यादा बकाया है वैसे लोगों की सूची बनाने और आगे की कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर नोटिस जारी करने और संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

### कंपनी को हर महीने करना है 7 प्रतिशत टैक्स वसूली

भिलाई नगर निगम भिलाई क्षेत्र में विकास कार्यों को करने के लिए राजस्व की आवश्यकता है। इसको बढ़ाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा संपत्ति कर वसूली के संबंध में बैठक ली गई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में संपत्ति का वसूली का कार्य मेसर्स श्री पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड संस्था द्वारा किया जा रहा है। जिसके द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई संतोषजनक नहीं पाई गई। अभी लगभग 20 परसेंट तक की वसूली हुई है। जबकि प्रत्येक महीने 7 प्रतिशत वसूली करना था। आयुक्त ने कहा कि जांच के द्वारा गलत पाए जाने पर पांच गुना अधिकार आरोपित किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संपत्ति करदाता की की होगी।







**खबर संक्षेप**

### प्रमाणपत्र लिया, विजय जुलूस निकाला

**रायपुर।** बीजेपी उपचुनाव में प्रत्याशी सुनील सोनी को 46 हजार मतों से विजयी घोषित किया गया। रायपुर कलेक्टर ने सेजबहार मतगणना केंद्र में उन्हें जीत का प्रमाणपत्र दिया। प्रमाणपत्र लेने के बाद विजय जुलूस के साथ सेजबहार से भाजपा के दक्षिण विधानसभा कार्यालय तत्पर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। इस दौरान नगर निगम वार्ड क्रमांक 67 से सोनू तिवारी, यादराम साहू, मोहन वर्मा, अजय ठाकुर, गजानन मिश्रा, प्रवीण शर्मा, दिनेश श्रीवास, देवचंद कटरे, टीकम वर्मा, सहदेव चंद्राकर, झम्मन मिश्रा, आनंद साहू, ईश्वर देवांगन, देवा सेन और टीम उपस्थित थी।

### प्रेस क्लब के साथियों ने उठाया लर्निंग लाइसेंस शिविर का लाभ

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय ड्रायविंग लायसेंस शिविर के पहले दिन शनिवार को 152 पत्रकारों एवं उनके परिजनों ने ड्रायविंग लाइसेंस बनवाकर इस शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ड्रायविंग लायसेंस संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रेस क्लब द्वारा अपने सदस्यों और मीडिया के साथियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। पत्रकार अपनी व्यस्तताओं की वजह से अपना और अपने परिजनों के ड्रायविंग लाइसेंस चाह कर भी नहीं बनवा पाते।

**पेज 9 का शेष**

### खरीदने वालों से ...

उक्त कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक रविंद्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक सौरभ सिंह, मोती जायसवाल, नुरेश वर्मा, पंचराम घोरबंधे, विनोद सिंह, मालिकराम सिन्हा, चुरावन पाल, लव कुमार यादव एवं अन्य स्टाफ का मुख्य भूमिका रही।

भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा, यह विष्णु सरकार के सुशासन की जीत

# भाजपा में जीत का जश्न, मुख्यमंत्री साय बोले- कांग्रेस को जितने मत नहीं मिले, उससे ज्यादा मतों से भाजपा की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण में भाजपा की जीत के बाद एकात्म परिसर में भाजपा ने जमकर जश्न मनाया। भाजपा नेता जहां खूब थिरके, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ ही भाजपा के कई दिग्गज नेता एकात्म परिसर में जुटे। भाजपा की जीत पर मुख्यमंत्री साय ने कहा, कांग्रेस को जितने मत नहीं मिले, उससे ज्यादा मतों से भाजपा की जीत हुई है, यह कांग्रेस की दुर्गति का प्रमाण है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सहित सभी भाजपा नेताओं ने भाजपा की जीत को प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन की जीत बताया है।

सीएम साय ने कहा, रायपुर दक्षिण हमारी भाजपा सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। हमने प्रदेश में लोकतंत्र के प्रति जनता के भरोसे को बहाल किया है। मोदी जी की गारंटी को सरकार ने महज कुछ महीनों में पूरा करने का काम किया है। यह उसका जनादेश है। सीएम साय ने कहा, मैं इस जीत के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं, चुनाव के प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल, शिवरतन शर्मा, भाजपा के सभी मंत्री विधायक, पदाधिकारियों एवं पिछले कई दशकों से दक्षिण विधानसभा की सेवा कर रहे सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बधाई देता हूं। हमारे प्रत्याशी सुनील सोनी को भी इस प्रचंड जीत की बहुत-बहुत बधाई।

भारतीय जनता पार्टी रायपुर दक्षिण के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। मैं उनका बहुत-बहुत आभार करते हुए इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि जो विश्वास जनता ने किया है हम उस पर खरे उतरेंगे। सीएम साय ने कहा, जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं, जिनका जादू पूरे देश में चल रहा है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।



### जीत के बाद विधानसभा अध्यक्ष रमन से मिले सोनी

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान स्पीकर हाउस पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की। इस ऐतिहासिक जीत पर श्री सोनी को बधाई देते हुए डॉ. रमन ने विधानसभा में उनका स्वागत किया और रायपुर दक्षिण के नागरिकों के प्रति सांसद और महापौर रहते हुए उनके योगदान को सराहा। डॉ. रमन ने कहा, श्री सोनी की यह जीत जनता के अभूतपूर्व विश्वास और रायपुर दक्षिण क्षेत्र में किए गए अथक परिश्रम का परिणाम है। मैं उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता हूं और विश्वास करता हूं कि वे विधानसभा में अपने क्षेत्र की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। डॉ. रमन ने कहा, सुनील सोनी का जीतना रायपुर दक्षिण के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक नई शुरुआत है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा, श्री सोनी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विधानसभा में सकारात्मक योगदान देंगे।

### भाजपा नेता जमकर थिरके

भाजपा की जीत के बाद एक एक करके भाजपा नेता एकात्म परिसर पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, शिवरतन शर्मा, भाजपा मीडिया विभाग के अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल सहित कई भाजपा नेता और पदाधिकारी पहुंचे। सभी नए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इसी के साथ कई भाजपा नेता जमकर थिरके भी। जमकर आतिशबाजी भी की गई।

### भाजपा नेता बोले- जनता ने जताया अगाध विश्वास

उपचुनाव के प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने रायपुर दक्षिण में भाजपा की शानदार जीत और लगातार नौवीं बार वापसी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन, कार्यों और भाजपा के प्रति जनता-जनार्दन के अगाध विश्वास का परिचायक बताया है। श्री जायसवाल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने सोचा, शायद इस बार कुछ नई शिगूफेबाजी की जाए और उन्होंने जाति व धर्म के आधार पर समाज को बांटने का शिगूफा उछाला था, लेकिन कांग्रेसी-बदनीयती नहीं चल पाई। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, रायपुर दक्षिण की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि प्रदेश और शहर का विकास केवल भाजपा की सरकार ही कर सकती है। रायपुर दक्षिण की जनता ने मोदी जी की विश्वसनीयता और विष्णु देव साय सरकार के सुशासन, प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर एक बार फिर कमल पर मुहर लगाई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। जनता ने भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी ,विष्णु देव सरकार के ऐतिहासिक कार्यों और दक्षिण विधासनभा में पिछले कई वर्षों पूर्व विधायक व सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किए जा रहे विकास पर मुहर लगाई है।पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, यह जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत है।

## कांग्रेस बोली- दक्षिण उपचुनाव का नतीजा हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं, जनादेश शिरोधार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का जनादेश शिरोधार्य है। उपचुनाव के परिणाम पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये।

पूरी पार्टी, नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुटता से चुनाव को लड़ा। उपचुनाव का रिजल्ट आमतौर पर सत्ता दल के पक्ष में आता है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो कांग्रेस पार्टी ने 5 उपचुनाव जीते थे। जनता के हित और सरोकार के लिये हमारी लड़ाई जारी



रहेगी। उन्होंने कहा, एक उपचुनाव के परिणाम से जनता के सभी सवालों का जवाब नहीं मिल जाता और न ही राज्य के हालात में परिवर्तन हो जाता है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, राज्य में भ्रष्ट तंत्र का बोलबाला, भाजपा की वादा खिलाफी, 1 लाख नौकरियों का वादा, 500 में गैस सिलेण्डर, 1.25 करोड़ माताओं बहनों के महतारी वंदन की राशि, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा, धान खरीदी की परेशानी ऐसे विषय हैं, जिसमें साय सरकार विफल साबित हुई है। कांग्रेस, सरकार को वादे याद दिलाती रहेगी तथा मजबूत विपक्ष के रूप में अपना संघर्ष जारी रखेगी। झारखंड, कर्नाटका, राजस्थान और मध्यप्रदेश की एक सीट पर कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजयी हुये हैं। महाराष्ट्र का चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है। वायनाड से अभूतपूर्व विजय हासिल करने के लिये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को बधाई।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में भाजपा के जबरदस्त जीत : उमरे

**दुर्ग।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने भारतीय जनता पार्टी को बडी जीत दिलाते हुए देश की राजनीति में बड़ा बदलाव संकेतित किया है। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने इस सफलता को जनता का भरोसा करार दिया और जीत का श्रेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को दिया है। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा और खासकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कोस रहे थे। वह लगातार कह रहे थे कि आरएसएस की आस्था देश के संविधान में नहीं है। जिसकी वजह से जनता ने राहुल गांधी को आइना दिखा दिया है। क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाराष्ट्र में बीजेपी की बड़ी जीत की वजह बनी है।

### आवेदनों का शिविर में हुआ निराकरण

**दुर्ग।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर विकासखंड पाटन के ग्राम घुघवा क में आयोजन किया गया । जिसमें जल जीवन मिशन से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने स्टाल नंबर 12 में ग्रामीणों के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जनसमस्या शिविर में ग्रामीणों द्वारा 2 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए । जिसका निराकरण शिविर स्थल में ही किया गया। ग्राम घुघवा क में हर घर जल उत्सव मना कर ग्राम को हर घर जल प्रमाणित किया है। ग्राम में सभी घर में नल से शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है।

### कलेक्टर के आदेश पर नाली से हटाया कब्जा

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से टीएल में शिकायत पर बघेरा में नाली के उपर कब्जे को हटाया गया हैं। वार्ड नबर 56 बघेरा में गांधु नामक द्वारा नाली क्षेत्र के उपर स्थायी अस्थायी निर्माण कार्य करते हुए नाली क्षेत्र को बंद कर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था। जिसकी कलेक्टर से शिकायत हुई थी। कलेक्टर टीएल शिकायत में भी की गई थी। जिसके आधार पर नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर 56, बघेरा में कार्रवाही स्थल पहुँचकर टीम ने कब्जा मुक्त कर निराकरण किया गया। शनिवार को 56 बघेरा में संतोष पारधी नामक द्वारा नाली क्षेत्र के उपर स्थायी अस्थायी निर्माण कार्य करते हुए नाली क्षेत्र को बंद कर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था। जिससे नाली क्षेत्र बाधित हो रही है।

### महाविद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

**दुर्ग।** चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कचांदुर दुर्ग की प्रबंधकारिणी स्वशासी समिति की सप्तम बैठक महाविद्यालय के सभा कक्ष में संभागायुक्त श्री एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शहर से महाविद्यालय चिकित्सालय तक सुविधा जनक आवागमन हेतु सिटी बस संचालित की जायेगी। संभागायुक्त श्री राठौर ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम लोगों के आवागमन के लिए ग्राम कुरूद मोड से महाविद्यालय पहुंच मार्ग के मोड़ तक पक्की सड़क की व्यवस्था के निर्देश दिए।

---

**आयोजन : लोलेसरा हाईस्कूल में लगा राज्य स्तरीय बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर**

# स्काउट-गाइड ने सीखा बिना बर्तन के भोजन बनाना, रूढ़ चिन्ह, मैपिंग, सीटी के संकेत समझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत स्काउट गाइड जिला संघ बेमेतरा की ओर से राज्य स्तरीय बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय हाईस्कूल लोलेसरा में 15 से 21 नवंबर तक किया गया। इसमें जिले के चारों विकासखण्ड सहित राज्य के अन्य जिलों के शासकीय व अशासकीय विद्यालयों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता की।

स्काउट्स गाइड्स के बेसिक प्रशिक्षण कोर्स में स्काउट् लीडर, गाइड केप्टन, रोवर स्काउट लीडर, रेंजर लीडर विंग का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक मंडल द्वारा संपन्न हुआ। शिविर संचालक पूनम सिंह साहू स्काउट विंग, सरोजनी यादव गाइड विंग, फनेन्द्र लोधी रोवर विंग तथा कैसरिन बेग गाइड साथ ही सहायक संचालक अमित क्षत्रीय, रामेंश्वरी साहू कबीरधाम, शकुंतला ठाकुर केसीजी, पूर्णिमा देवांगन, उर्मिला दिवाकर, ईश्वर लाल साहू के नेतृत्व में स्काउट गाइड कोर्स की मूलभूत अवधारणा, इसके उद्देश्य को लेकर योजनाबद्ध रूप से संचालक मंडल की टीम सहित पूरे कोर्स की जानकारी सैद्धांतिक और प्रायोगिक रूप से पूर्ण कराया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पंजीयन पश्चात हाईस्कूल प्राचार्य बंछोर द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण की समय सारिणी, ग्रुप विभाजन स्काउटिंग के इतिहास की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में दिवसवार विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रयोग सहित सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में दल संचालन के लिए सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी गई। स्काउटिंग का मूलतत्व हाइक के कार्यक्रम में खोजी प्रवृत्ति को विकसित करने के साथ बिना बर्तन के भोजन बनाना की विधि से परिचय कराने धार्मिक महत्व स्थल सिध्दी माता मंदिर संडी तक आयोजित कर रूढ चिन्ह, मैपिंग, अनुमान लगाना, सीटी के संकेत तथा जन जागरुकता कार्यक्रम का भी प्रशिक्षण दिया गया।



**कैंप फायर में सिखाई जीवन जीने की कला**

संध्याकाल कैम्प फायर में प्रशिक्षार्थी को इसके महत्व और इतिहास से परिचित कराकर, नियमों की जानकारी दी गई। इसमें ग्रैंड कैम्प फायर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तरूण वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत लोलेसरा, उपसरपंच तथा पंचगण और जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ. कमल कपूर बंजारे के आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को पायनियरिंग, गैजेट्स निर्माण कला सहित कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने की कला से अवगत कराया गया। अंतिम दिवस सर्वधर्म प्रार्थना सभा, ओपन सेशन का आयोजन कर प्रश्नोत्तरी व शंका समाधान किया गया। अंतिम सेशन में फीडबैक लिया गया तथा सभी सफल शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण शिविर संचालक द्वारा किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश साहू, जिला सचिव सत्यनारायण साहू, विकासखंड सचिव व क्वार्टर मास्टर हिरऊराम ध्रुव, जिला संगठन आयुक्त फनेन्द्र लोधी ने समस्त नव प्रशिक्षित स्काउटर, गाइडर, रोवर स्काउट मास्टर, रेंजर लीडर को शुभकामनाएं दी।

## एनसीसी युवाओं को अनुशासन और उनके चरित्र का निर्माण करता है




**बेमेतरा।** एनसीसी दिवस कार्यक्रम रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठेलका में 37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग के मार्गदर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय थल सेना नायक चोवा राम यादव, लांस नायक भारतीय थल सेना उत्तम ध्रुवे एवं शिव केडिया सदस्य भारतीय सेवा समिति थान खम्हारिया, विशेष अतिथि सविता-महेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत ठेलका, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू एवं विधायक प्रतिनिधि प्रेम लाल साहू मौजूद थे। अतिथियों द्वारा परेड निरीक्षण उपरांत एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि लांस नायक उत्तम ध्रुव ने कैडेटस को संबोधित करते हुए कहा की सेना में जाने का एनसीसी एक अच्छा माध्यम है। शिव केडिया ने एनसीसी का महत्व बताते हुए कहा कि युवाओं में राष्ट्र प्रेम और अनुशासन की भावना जागृत करता है एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है।

एनसीसी संस्था के प्राचार्य टी एल साहू ने एनसीसी का ध्येय "एकता और अनुशासन "का महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी एक ऐसा संगठन है कि युवाओं को अनुशासन सिखाता है एवं उनके चरित्र का निर्माण करता है और निः स्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा रंगोली, पेंटिग और वेस्ट मटेरियल से आर्ट बनाया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्रामवासी राजेश साहू, गोविंद साहू सहित संस्था के व्याख्याता एमएल मार्कण्डेय, संतोष कुमार मिश्रा, लोकेश्वरी वर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार सेन ने और आभार प्रदर्शन एनसीसी थर्ड ऑफिसर धर्मपाल वर्मा ने किया ।

## पीएम मोदी ने बताया छोटे-छोटे काम करके भी की जा सकती है राष्ट्र सेवा : डॉ निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 116 वें एपिसोड को सुनने

- अभा छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक ने राईस मिल में हमालों के साथ सुनी मन की बात



अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने श्रीमय एग्रो राईस मिल में कार्यरत हमालों के बीच पहुंचे। डॉ निर्वाणी ने मील के हमालों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का रेडियो प्रसारण सुना। डॉ निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनने से पता चलता है कि छोटे-छोटे काम करते हुए भी राष्ट्र सेवा की जा सकती है यह पता चलता है। आज मन की बात में श्री मोदी ने देश के लोगों खासकर बुजुर्गों को जागरूक करते हुए बताया कि देश में या किसी भी राज्य में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कार्यवाही नहीं होती, ऐसे ठगी से जागरूक होकर बचना चाहिए। वहीं, कचरे से कंचन की दो बहनों की कहानी ने भी प्रेरित किया।

डॉ निर्वाणी ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन की बात से छात्र युवाओं को एनसीसी को लेकर प्रोत्साहन भी दिया। मोदी ने बताया कि किस तरह एक पेड़ मां के नाम अभियान ने देश के बाहर गयाना जैसे देशों को प्रभावित किया है। वहां भी इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण और अपनों की स्मृति को चिर स्थाई बनाने युवा आगे आये हैं।

### श्रमिकों ने छत्तीसगढ़ी अनुवाद भी सुना

राईस मिल के श्रमिकों ने मन की बात का छत्तीसगढ़ी अनुवाद भी सुना। रेडियो प्रसारण के दौरान राईस मिल की ध्वनि को देखते हुए 1 घण्टे के लिए मिल को बंद कर दिया गया था। मिल श्रमिकों ने बहुत ही तन्मयता से प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना।

## ठेकेदारी को लेकर आपस में ही भिड़ गए दो भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक ईश्वर साहू के निवास साजा में दो युवा भाजपा नेताओं के बीच जमकर विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार विधायक निवास में भाजपा नेता ज्वालासिंह राजपूत और किसान नेता चंद्रशेखर राजपूत के बीच ठेकेदारी के मुद्दे पर पहले लेकर बहस हुई।

- संगठन तक पहुंच गया मामला

बहस इतनी बढ़ गई कि गाली गलौज से बात हाथापाई तक पहुंच गई, जिसे मौके पर मौजूद अन्य भाजपा नेताओं ने बीच बचाव कर शांत कराया। यह मामला भाजपा संगठन तक पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार विवाद थान खमरिया नगर पंचायत में शुरू हुआ, जहां पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि इसके बाद विधायक निवास में आपसी बातचीत के दौरान स्थिति और भी बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि ज्वालासिंह राजपूत द्वारा नगर पंचायत थानखम्हरिया पहुंचकर ठेकेदारी पर हस्तक्षेप किए जाने पर चंद्रशेखर राजपूत ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि स्थानीय कार्यकर्ता क्या करेंगे।

यह आपत्ति ज्वालासिंह को नागावार लगी ओर बहस से शुरू हुआ विवाद अपशब्दों के प्रयोग से हाथापाई तक आ गई। बहरहाल विवाद की जड़ ठेकेदारी से जुड़ी थी, जिसमें दोनों नेताओं के बीच सहमति नहीं बन सकी ओर मामला थाने न जाकर संगठन तक पहुंच गया।

**संगठन को दी जानकारी**

मामले में मैंने जिला भाजपा अध्यक्ष से ज्वालासिंह द्वारा किए गए विवाद की जानकारी दी है। लिखित में भी दे रहा हूं। किस बात पर उन्होंने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया है, यह सार्वजनिक रूप से नहीं बता सकता। संगठन को पूरी तरह से अवगत करा दिया है।

**चंद्रशेखर राजपूत,** भाजपा किसान नेता।

**हल्की तकरार हुई**

मारपीट व अन्य प्रकार की कोई ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। दोनों के बीच हल्की तकरार के बाद मामला शांत हो गया। किस मुद्दे पर दोनों में असहमति थी यह जानकारी नहीं है।

**राजेश ठाकुर,** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि

## हत्या को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश 5 घंटे में ही पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

23 नवंबर को हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 5 घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास आरोपी ने किया था, लेकिन पुलिस की पैनी नजर से आरोपी का अपराध छुप न सका और इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में बालोद जिले की अर्जुन्दा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 नवंबर की सुबह 9:30 बजे थाना अर्जुन्दा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के ग्राम बोरगहन से परसवानी मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर अर्जुन्दा पुलिस घटना स्थल पहुंची। मृतक की पहचान ग्राम बासिन निवासी देवार दुखुराम मरकाम पिता स्व. करिया मरकाम के रूप में हुई। उसके पास ही एक सायकल जिसमें प्लास्टिक की खाली बोरी बंधी हुई थी, गिरी पड़ी थी। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के निर्देशन एवं अनुविभागीय पुलिस गुण्डरदेही देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी अर्जुन्दा प्रदीप कंवर, सायबर सेल प्रभारी जोगेन्द्र सिंह एवं स्टाफ, क्राइम सीन भिलाई, दुर्ग द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

## शिक्षिका प्रगति को मिला समाज गौरव सम्मान...



**बेमेतरा।** साहू समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सामाजिक प्रतिभा एवं समाज गौरव सम्मान कार्यक्रम में शिक्षिका प्रगति साहू को क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए समाज गौरव का सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यअतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, यशवंत साहू प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक दीपेश साहू, ईश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष शकुन्तला साहू ने उन्हें सम्मानित किया।गौरव सम्मान प्राप्त होने पर शिक्षिका को समाज के पदाधिकारियों, परिवार जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## स्वच्छाग्रही दीदियों के लिए स्वास्थ्य जांच व श्रम पंजीयन शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान 2024" के तहत बेमेतरा जिले में 26 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक स्वच्छाग्रही दीदियों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन कलेक्टर बेमेतरा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में होगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रथम स्वास्थ्य जांच एवं कल्याण शिविर 26 नवंबर को चार विकासखंडों में आयोजित किया जाएगा। इसके तहत विकासखंड बेमेतरा के ग्राम छिरहा, विकासखंड बेरला के ग्राम कठिया, विकासखंड नवागढ़ के ग्राम मुरता और विकासखंड साजा के ग्राम तेन्दुभाठा में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में स्वच्छाग्रही दीदियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और श्रम पंजीयन की सुविधा प्रदान की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिविरों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, स्वच्छाग्रही दीदियों से आग्रह किया गया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

**रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव**

## भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर अपनी मजबूती साबित की है। पार्टी के उम्मीदवार सुनील सोनी ने प्रचण्ड मतों से जीत दर्ज की, जो न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि बृजमोहन अग्रवाल और भाजपा की प्रतिष्ठा को भी मजबूती देती है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही रायपुर दक्षिण की जनता ने भाजपा में अपना विश्वास हरबार की तरह इस बार भी व्यक्त किया है। भाजपा की इस बड़ी जीत का जश्न कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया। पटाखों की गूंज, मिठाइयों की मिठास और एक-दूसरे को बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं ने इस विजय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियों की जीत बताया।

### महाराष्ट्र और यूपी में भी जीत की खुशी

महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भी भाजपा की विजय के समाचारों ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के हौसलों को और बढ़ाया। इस जीत को भाजपा की राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ स्थिति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रमाण माना जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव, महामंत्री राजेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश राजपूत, योगेश साहू, पुरण कश्यप, राहुल छाबड़ा, मुकेश सिंघानिया, दीपक बंसल, लोकनाथ पटेल, बल्लू नोहर पाल, राजेन्द्र वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की इस जीत पर हर्ष व्यक्त किया और एकजुटता का संदेश दिया।

